तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 खंडहर हो रही अटल व्यवसायिक परिसर की दुकानें नहीं हो सके आबंटित



## खबर संक्षेप

### श्री महामृत्युंजय मंदिर में भण्डारा आज

**कोरबा।** नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की आवासीय कालोनी स्थित श्री श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में 22 फरवरी रविवार को दोपहर 1 बजे से भण्डारे का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निगम आवासीय परिसर स्थित श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 12 से 16 फरवरी के मध्य सम्पन्न किया गया था, इसके तहत 22 फरवरी रविवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। आमजनों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित भण्डारे में शामिल होकर भोग प्रसाद ग्रहण करें।

### पीएससी परीक्षा आज 11 केंद्रों में बैठेंगे 3904 अभ्यर्थी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 का आयोजन 22 फरवरी को जिले के कुल 11 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में निर्धारित समय पर होगा। प्रथम पाली: पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह 3 से 5 बजे तक आयोजित होगा। जिले में कुल 3904 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जिसमें शा.म.वि.ई.वी.पी.जी. कॉलेज में 404 अभ्यर्थी, शा.हा. से. स्कूल पीडब्ल्यूडी रामपुर 300 अभ्यर्थी, शा. मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज 400 अभ्यर्थी, शा. हा. से. स्कूल एनसीडीसी 350 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन कल

कोरबा। आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 23 फरवरी को जनपद पंचायत पाली के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली एवं जनपद पंचायत पाली अंतर्गत समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा। इसी तरह जनपद पंचायत पाली अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत सचिवों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाली के लिए प्रशिक्षण का आयोजन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक किया जायेगा।

### 20 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण शांतिपूर्ण चल रही परीक्षा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत शनिवार को हाईस्कूल परीक्षा विषय हिन्दी की परीक्षा आयोजित की गई। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा कुल 20 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल क्रमांक 2 द्वारा सेजेस पोड़ी-उपरोड़ा, सेजेस गुरसिया और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लमना का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 3 ने शासकीय हाई स्कूल विजय नगर दीपका, सेजेस दीपका, सेजेस तिवरता, शासकीय उ.मा.वि. नुनेरा, रोजेस माखनपुर और सेजेस चैतमा का निरीक्षण किया। दल क्रमांक 4 द्वारा सेजेस कुसमुंडा, आशा सरस्वती उ.मा.वि. कुसमुंडा, शासकीय उ.मा.वि. भिलाई बाजार, सेजेस हरदीबाजार और शासकीय उ.मा.वि. उतरदा में निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 5 ने शासकीय उ.मा.वि. बेहरचुवा, शासकीय उ.मा.वि. बोटली, शासकीय उ.मा.वि. सेन्द्रीपाली, शासकीय उ.मा.वि. नोनबिर्रा, शासकीय उ.मा.वि. भैसमा और शासकीय उ.मा.वि. गोढ़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल की कोई घटना दर्ज नहीं हुई और सभी केन्द्र निरंक पाए गए। दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 12,566 रही, जिनमें से 12,200 विद्यार्थी उपस्थित थे और 368 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

# दूरस्थ उपार्जन केंद्रों में अभी भी 25 हजार क्विंटल से अधिक धान है जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

खरीदी बंद होने के 20 दिन बाद भी जिले के सबसे दूरस्थ उपार्जन केंद्रों में धान के उठाव में तेजी नहीं लायी जा सकी है। स्थिति यह है कि जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर श्यांग और बरपाली उपार्जन केंद्र में अभी भी 25 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हूआ है। शनिवार शाम मौसम में आए अचानक बदलाव से उपार्जन केंद्रों में रखे धान के बारिश से भीगने का खतरा भी बढ़ गया है।

धान उठाव के लिए विपणन विभाग के द्वारा किए गए हिल हवाला के परिणाम स्वरुप दूरस्थ उपार्जन केंद्रों से अभी भी धान पूरी तरह नहीं उठ सका है। जबकि विभाग ने राइस मिलरों से धान उठाव का अनुबंध किया है। जिले में 136 राइस मिलर हैं और इसमें आधे से अधिक राइस मिलर से विपणन विभाग के द्वारा अनुबंध करते हुए खरीदी के शुरुआत से ही डीओ काटना शुरु कर दिया गया था लेकिन एकाएक विपणन विभाग के द्वारा 10 लाख क्विंटल का डीओ अन्य जिलों के लिए काट दिए जाने की वजह से जिले के उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव की रफ्तार कम हो गई और देखते ही देखते समितियों से धान उठाव का कार्य ठप पड़ गया। जबकि समिति प्रबंधकों के द्वारा खाद्य एवं विपणन विभाग के अधिकारियों से मिलकर धान उठाव के लिए लगातार पत्र व्यवहार कर मांग करते रहे किंतु दोनों विभाग के अधिकारियों ने जब किसी तरह का निर्णय नहीं लिया और जब डीओ काटने में रुचि नहीं ली तो उपार्जन केंद्रों के प्रबंधकों का एक प्रतिनिधिमंडल मजबूर होकर कलेक्टर कुणाल दुदावत से मिलकर उपार्जन केंद्रों से धान उठवाने की मांग की।

### मामला कोरबा बरपाली और श्यांग उपार्जन केन्द्र का

**खास बातें**

- बिगड़े मौसम से बारिश से भीगने का बढ़ा खतरा
- डीओ काटने में हुए देरी का परिणाम



### इन उपार्जन केंद्रों में धान पड़े हैं जाम

जिले की सभी उपार्जन केंद्रों में थोड़ी बहुत मात्रा में धान जाम पड़े हुए हैं। कहीं 10 हजार क्विंटल तो कहीं 15 हजार क्विंटल लेकिन जिन दो बड़े उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो पा रहा है उनमें श्यांग और कोरबा बरपाली उपार्जन केंद्र शामिल हैं। इनमें अकेले श्यांग में ही 24 हजार क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। वहीं कोरबा बरपाली उपार्जन केंद्र में 29 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं किया जा सका है। दोनों ही उपार्जन केंद्रों में सूखत का खतरा भी मंडरा रहा है। जितनी दिन तक समितियों में धान धूप में रखे रहेंगे उतना ही सूखत बढ़ता जाएगा और इसकी भरपाई उपार्जन केंद्रों के प्रबंधकों को अपने स्तर पर करना होगा।

## मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

# एसआईआर के बाद जिले में आठ लाख 18 हजार कुल मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पांच माह तक चले मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के बाद तैयार की गई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया। जिले के कुल मतदाता संख्या 8 लाख 18 हजार 10 हैं। सबसे अधिक मतदाता पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र में और सबसे कम कोरबा विधानसभा में दर्ज किए गए हैं।

**खास बात**

- अक्टूबर से फरवरी माह तक चला था मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला कोरबा में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है। शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुदावत ने सम्पूर्ण गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को कैटेगरी में विभक्त कर निराकरण किया गया। पुनरीक्षण के दौरान तकनीकी शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। सी कैटेगरी के 40882 तथा 2,46,684 लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी (तार्किक विसंगतियों) का संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सत्यापन हेतु नोटिस जारी कर निर्धारित तिथि व समय पर सुनवाई हेतु समय दिया जाकर, मिलान कर उन्हें दुरुस्त किया गया। साथ ही, मृत्यु, स्थानांतरण और अनुपस्थित श्रेणी के कुल 1,33,741 नामों का नियमानुसार निराकरण किया गया, जिससे मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिहीन और पारदर्शी बन सके। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के पदाधिकारी, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कोरबा सरोज महिलांगे, पाली तानाखार-मनोज कुमार बंजारे, कटघोरा से सूर्यकांत केशकर आदि उपस्थित रहे।




राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची सौंपते हुए कलेक्टर व प्रशासन के अधिकारी।


### कहां कितने मतदाता

| विधानसभा | पुरुष | महिला | तृतीय लिंग | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| रामपुर | 103143 | 103933 | 00 | 207076 |
| कोरबा | 97585 | 98191 | 05 | 195781 |
| कटघोरा | 98114 | 97525 | 04 | 195643 |
| पाली तानाखार | 110491 | 109015 | 04 | 219510 |
| कुल | 409333 | 408664 | 13 | 818010 |

### कहां कितने फार्म का निराकरण

| विवरण | प्राप्त फार्म | रिजेक्ट फार्म | निराकृत फार्म |
|---|---|---|---|
| फार्म-6 | 14091 | 646 | 13445 |
| फार्म-7 | 333 | 17 | 315 |
| फार्म-8 | 4773 | 586 | 4187 |
| कुल | 19197 | 1249 | 17947 |

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत



मुड़ापार बाईपास मार्ग जहां हुआ हादसा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुड़ापार शारदा मोड़ के पास बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक से नीचे उतर रहे वाहन चालक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसके मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मानिकपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाकारित वाहन चालक की तलाश शुरु कर दी।

**खास बात**

- मुड़ापार बाईपास पर बीती रात हुई घटना, आरोपी वाहन चालक फरार

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार शारदा मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात लगभग 1 बजे यह हादसा घटित हुआ है। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। मृतक की पहचान एक ट्रक ड्राइवर के रूप में हुई है। उसके जेब से ट्रक की चाबी मिली है और दुर्घटनास्थल के पास ही एक ट्रक खड़ा था। पुलिस ने वाहन के आधार पर मालिक को घटना की जानकारी दी है। पुलिस को आशंका है कि मृतक उसी ट्रक का ड्राइवर था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रक ड्राइवर अपनी गाड़ी खड़ी कर उतर रहा था, तभी किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यहां बताना होगा कि टीपी नगर से लेकर शारदा बिहार मोड़, अमरैय्यापारा मोड़, रामनगर मोड और रेलवे कॉलोनी मोड़ तक कुल चार खतरनाक मोड़ पड़ते हैं। इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों ⏭ शेष पेज 3 पर

# ट्रेन से गिरने से अज्ञात युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र को एक लावारिस अज्ञात मृतक के संबंध में मेमो प्राप्त हुआ है। मृतक पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में उपचाराधीन था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस अब मृतक के परिजनों और उसकी पहचान की तलाश में जुटी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 फरवरी को सीतामणी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला था। घटना की सूचना मिलने पर उसे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान घायल व्यक्ति की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह बातचीत कर सके। साथ ही, उसके साथ कोई अटेंडर या परिजन भी मौजूद नहीं था, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस व्यक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी हो, तो कृपया तत्काल जिला अस्पताल चौकी में सूचित करने का कष्ट करें ताकि मृतक का अंतिम संस्कार उसके परिजनों द्वारा किया जा सके।

### चार दिनों से लापता युवती की तलाश में जुटी पुलिस

**कोरबा।** कटघोरा निवासी चिंटू अग्रवाल पर क्षेत्र की एक युवती को लेकर फरार होने का आरोप लगा है। पीड़ित परिवार ने अपनी पुत्री की गुमशुदगी की सूचना थाना में दर्ज करा दी है जिस पर गुम इंसान का मामला कायम कर पतासाजी किया जा रहा है। घटना 17 फरवरी की बताई जा रही है जिसमें 20 वर्षीय युवती सुबह 10 बजे बुटीक जाने के नाम पर घर से निकली और इसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों का आरोप है कि वह पड़ोस के करीब 40 वर्षीय चिंटू अग्रवाल के साथ चली गई है। परिजनों को अपनी बेटी की चिंता है। इधर दूसरी तरफ चिंटू अग्रवाल के द्वारा युवती के माध्यम से एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कराया जा रहा है जिसमें लखनपुर की गौशाला में शादी करना और साथ में रहने का हवाला दिया जा रहा है, जबकि पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी निगरानी, प्रशासन की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कुल 20 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 3 नई रेत खदानें ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित की गई हैं। जिले में कुल 15 अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञा स्वीकृत हैं। स्वीकृत खदानों एवं भंडारण क्षेत्रों से रामपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में रेत की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की जा रही है।

विधानसभा रामपुर क्षेत्र में कुल 12 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 2 नवीन रेत खदानों-तरईमार एवं कछार (चोरभट्ठी) को ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है, जिनकी स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलन में है। इसी प्रकार रामपुर क्षेत्र में रेत के 8 अस्थायी भंडारण अनुज्ञापत्र स्वीकृत हैं। प्रशासन द्वारा खनिजों के अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक खनिजों के अवैध परिवहन के 264, अवैध उत्खनन के 21 तथा अवैध भंडारण के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 73 लाख 73 हजार 12 रुपए की राशि समझौता शुल्क के रूप में वसूल की गई है। जिले में गठित टास्क फोर्स समिति-खनिज, वन, पुलिस, परिवहन एवं राजस्व विभाग-द्वारा विधानसभा रामपुर क्षेत्र के उरगा, कुदुरमाल, बरपाली, करतला, नोनबिर्रा एवं अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ पूरे जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। समिति द्वारा रेत, कोयला, मुरूम/मिट्टी, गिट्टी एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिले में रेत की आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्वीकृत खदान उपलब्ध हैं तथा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए निरंतर गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को प्रदान करें।



फाइल फोटो

## पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान को हटाने स्थानीय व्यापारी व विभिन्न संगठनों ने खोला मोर्चा

# शराब दुकान स्थानांतरण को लेकर उद्योग मंत्री ने आबकारी अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग पर श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने संज्ञान लिया है। दरअसल स्थानीय व्यापारियों व विभिन्न संगठनों ने मंत्री श्री देवांगन से मुलाकात कर शराब दुकान हटवाने की मांग की थी। जिसके बाद मंत्री श्री देवांगन ने तत्काल आबकारी अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देश जारी किया है।

प्रतिनिधिमंडल ने इसके लिए श्री देवांगन को धन्यवाद देते हुए आग्रह किया है वे इस पर गंभीरता दिखाएं। अब गेंद पूरी तरह से आबकारी अधिकारी के पाले में है।



फाइल फोटो

व्यापारियों व संगठन प्रमुखों ने कलेक्टर कुणाल दुदावत के नाम आवेदन सौंपते हुए अपर कलेक्टर भी मिलकर आग्रह किया है कि शराब दुकान हटवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।

बता दें कि इस संबंध में वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद श्रीमती सुलोचना यादव ने भी अपनी सहमति दी है और पत्र लिखा है। इनके अलावा जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रोटरी क्लब कोरबा, मध्य नगरीय व्यापारी संघ, सरस्वती शिशु मंदिर पुराना बस स्टैंड, गुरु सिंह सभा इतवारी बाजार, श्री श्याम मित्र मंडल, श्री पंचदेव मंदिर सेवा समिति, श्री श्वेतांबर जैन समिति, श्री राम जानकी मंदिर पुराना बस स्टैंड की तरफ से भी पत्राचार कर शराब दुकान कहीं और शिफ्ट करने की मांग की गई है। सभी संगठन प्रमुखों ने कहा है कि पुराना बस स्टैण्ड के समीप स्थित विदेशी मदिरा दुकान अत्यंत संवेदनशील एवं घनी आबादी वाले क्षेत्र में संचालित की जा रही है। उक्त स्थान के समीप मंदिर, विद्यालय एवं विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थित हैं तथा यह क्षेत्र शहर का प्रमुख आवागमन केंद्र होने के कारण यहां दिन भर आम नागरिकों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं परिवारों का आवागमन बना रहता है। मदिरा दुकान के कारण क्षेत्र में आए दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, गाली-गलौज, झगड़े-मारपीट तथा अन्य अनुचित गतिविधियां होती रहती हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों, महिलाओं एवं बालिकाओं को असुरक्षित एवं असहज वातावरण का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल क्षेत्र का सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है तथा आसपास के शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसे हटाना जरूरी है ताकि क्षेत्रवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके तथा सुरक्षित एवं स्वस्थ सामाजिक वातावरण सुनिश्चित हो सके।

### बांकीमोंगरा में आधार कार्ड सुधार हेतु लगा कैंप

**कोरबा।** बांकीमोंगरा वार्ड नंबर 13 के पार्षद अश्वनी मिश्रा की पहल पर कटाईनार गां मेन चौक में आधार कार्ड सुधार हेतु विशेष कैंप लगाया गया। यह कैंप पोस्ट ऑफिस के माध्यम से आयोजित किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को आधार से जुड़े कार्यों में बड़ी सुविधा मिली। कैंप में लोगों ने अपने आधार कार्ड में नाम, पता, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि सहित अन्य त्रुटियों का सुधार कराया। दूर स्थित आधार केंद्रों के कारण होने वाली परेशानी से लोगों को राहत मिली और बड़ी संख्या में नागरिकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। पार्षद अश्वनी मिश्रा ने बताया कि वार्डवासियों की मांग को देखते हुए पोस्ट ऑफिस के सहयोग से यह कैंप आयोजित किया गया, ताकि बुजुर्ग, महिलाएं और विद्यार्थी आसानी से आधार सुधार करा सकें।

## खबर संक्षेप

### पेड़ में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली

**बिलासपुर।** पेड़ में फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, शनिवार की सुबह बंगलायार्ड के लोगों ने सेरसा मैदान के पास पेड़ में एक युवक की फांसी पर लटकी लाश देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पेड़ से शव नीचे उतरवाकर आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया, किन्तु उनकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक के पहचान कार्रवाई में लगी हुई है। मृतक की उम्र लगभग 20 साल बताई जा रही है।

### चाकू से हमला करने वाले नहीं पकड़े गए

**बिलासपुर।** युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस दूसरे दिन भी नहीं पकड़ पाई है। ज्ञात हो कि गुरूवार की शाम 7.30 बज कोनी निवासी आदित्य श्रीवास दोस्तों के साथ भेल खाने मिशन हास्पिटल रोड स्व. लखीराम ऑडिटोरियम के पास गया था। इसी दौरान जबड़ापारा निवासी युग मिश्रा, वेदांत गुप्ता, निखिल नवानी एवं अन्य ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। ज्ञात हो 17 फरवरी को राजेन्द्रनगर चौक में हमलावर युग मिश्रा एवं उसके साथियों ने चकरभाठा निवासी अविनाश शर्मा, मौसेरे भाई शिवांश तिवारी के साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया था। उक्त मामले में पुलिस ने मुलाहिजा कराने के बाद भी हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज नहीं किया गया था। इधर दूसरे दिन भी पुलिस फरार हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

### नाबालिग से अनाचार अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** नाबालिग से अनाचार करने वाले वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक 17 वर्षीय नाबालिग 8 से 9 साल के घूमंतू हो गई थी। वह इधर उधर घूमते फिरते रहती थी। उसका पेट बाहर निकलने पर परिजन ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। जहां पता चला वह गर्भवती है। चाइल्ड लाइन से नाबालिग का बयान दर्ज कराने के बाद गर्भपात कराया गया है। पीड़िता एचआईवी से पीड़ित हो गई है। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा क्षेत्र के छाता जंगल में जंगली सुअर के शिकार के लिए बिछाए गए करेंट तार की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मामले में बलौदा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार छाता जंगल क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा जंगली सूअर को मारने के उद्देश्य से बिजली करंट युक्त तार बिछाया गया था। इसी दौरान ग्राम खसोरा निवासी अनिल कुमार लहरें किसी काम से जंगल से गुजर रहा था। वह करंट तार की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना बलौदा पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपियों ने अवैध रूप से बिजली करंट का उपयोग कर जंगली जानवरों के शिकार की मंशा से यह तार लगाया था, जो मानव जीवन के लिए घातक साबित हुआ। उल्लेखनीय है कि जंगली क्षेत्रों में जानवरों का शिकार करने इस तरह के करेंट तार लगाए जाते है।

---

**इस बार 238 पदों के लिए परीक्षा** | **सबसे अधिक 51 पद नायब तहसीलदार के, डीसी के 14 पद**

# सीजीपीएससी आजः ज्वेलरी, घड़ी पर रोक, डार्क कपड़े भी नहीं पहन सकते

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएसकी) की परीक्षा रविवार 22 फरवरी को आयोजित होगी। इस पर कुल 238 पदों पर भर्ती होगी। पिछले दस वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य सेवा परीक्षा में पदों की संख्या में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। वर्ष 2015 में सर्वाधिक 352 पदों पर भर्ती हुई थी। कोविड काल (2020-21) में पदों की संख्या घटकर 171–175 तक पहुंच गई थी। वर्ष 2024 में 246 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी हुआ था। पिछले कई वर्षों से पदों की संख्या लगभग 200 से 250 के बीच बनी हुई है।

इस बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी (कक्षा 'ख') के 18 पद, छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी के 15 पद तो छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा (डिप्टी कलेक्टर) के 14 पद हैं। इसके साथ ही राज्य कर निरीक्षक के 16 पद, उप पंजीयक के 12 पद, आबकारी उप-निरीक्षक के 11 पद और राज्य कर सहायक आयुक्त के 10 पद हैं। इस बार सबसे अधिक 51 पद नायब तहसीलदार के लिए स्वीकृत किए गए हैं, जो राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित होंगे। इसके बाद 29 पद मुख्य नगर पालिका अधिकारी (कक्षा 'ग') और 28 पद राज्य पुलिस सेवा (उप पुलिस अधीक्षक) के लिए निर्धारित किए गए हैं।



ड्यूटी में लगे अफसरों की गाड़ियों में लगाया जा रहा जीपीएस सिस्टम।

### किसी भी प्रकार का आभूषण प्रतिबंधित

इस बार की परीक्षा में आयोग ने स्पष्ट किया है कि सुबह 8 बजे सभी कैंडिडेट परीक्षा सेंटर पहुंच जाएं। निर्धारित समय के बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा 10 बजे से शुरू होगी। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले गेट पूरी तरह सील कर दिया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि गेट बंद होने के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा काला, गहरा नीला, हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी और गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े प्रतिबंधित हैं। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण प्रतिबंधित है (धार्मिक आवश्यक प्रतीक को छोड़कर)। अभ्यर्थियों को मूल फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की घड़ी (मैकेनिकल या डिजिटल) को एग्जाम हॉल के भीतर नहीं ले जाने दिया जाएगा। इन सबके अलावा भी ड्रेस कोड, पहचान पत्र और प्रवेश समय को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

### दो घंटे पहले पहुंचना होगा सेंटर

सीजीपीएससी की यह परीक्षा रविवार को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। पेपर-I जनरल स्टडीज के लिए होगा। वहीं दूसरी पाली का समयः दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक है। पेपर-II में एप्टीट्यूड टेस्ट लिया जाएगा। पहली पाली के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे तक केंद्र पहुंचना होगा। दूसरी पाली के लिए दोपहर 1 बजे तक उपस्थिति अनिवार्य है। पहली पाली में सुबह 9:45 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 2:45 बजे मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

### मेटल डिटेक्टर और मैन्युअल फ्रिस्किंग होगी

यदि कोई उपकरण आन अवस्था में पाया गया तो अनुचित साधन का प्रकरण दर्ज होगा। इसके साथ ही सख्त तलाशी और वीडियोग्राफी भी होगी। सभी अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर और मैन्युअल फ्रिस्किंग होगी। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र दिखाते हुए वीडियो कैप्चर कराना अनिवार्य होगा। मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैलकुलेटर, लॉग टेबल, पेजर या किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, किसी भी प्रकार की घड़ी (मैकेनिकल या डिजिटल) गॉगल्स, डिजिटल ग्लासेस या अन्य इलेक्ट्रॉनिक चश्मे प्रतिबंधित है।

---

**लुटेरों को शहर लेकर लौटी पुलिस, पूछताछ जारी**

# लुटेरों को रैकी करने में सहयोग देने वाला शहर का बदमाश हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सराफा व्यापारी से लूटकांड के मामले में सनसनी खेज नया खुलासा हुआ है। शहर के शातिर गुण्डा बदमाश ने खूंखार लुटेरों का सराफा व्यापारी से लूट की रैकी करने में सहयोग किया था। पुलिस उसे भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस मिर्जापुर से लुटेरों को शहर लेकर लौट गई है। सभी से अधिकारियों के द्वारा सघन पूछताछ की जा रही है।

- गांजा तस्कर के नाम पर वारदात में प्रयुक्त कार

17 फरवरी को राजकिशोर नगर में सराफा व्यापारी संतोष तिवारी पर जान लेवा हमला कर साढ़े तीन किलो सोना, 3.50 लाख रुपए नकद लूटकांड के मामले में गिरफ्तार खूंखार लुटेरे विजय लांबा दिल्ली, मोनू उर्फ राहुल उर्फ रोहित गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश, विनोद उर्फ बीनू प्रजापति कोटा राजस्थान, करीब खान बरेली उत्तर प्रदेश को प्रोडेक्शन रिमांड में लेकर पुलिस की टीम शनिवार को शहर लौट गई। पूछताछ में नया खुलासा हुआ कि खूंखार लुटेरों को सराफा व्यापारी की रैकी कर सहयोग करने में सिविल लाइन क्षेत्र का गुण्डा बदमाश 27 खोली निवासी नारद श्रीवास भी शामिल था। बताया जा रहा है कि नारद श्रीवास की लुटेरों से जेल में दोस्ती हुई थी। उसके बाद पुलिस नारद श्रीवास को हिरासत में लेकर व लुटेरों से लूटकांड के संबंध में गोपनीय तरीके से सघन पूछताछ कर रही है।



स्पॉट पर वारदात की जानकारी लेते पुलिस के जवान।

### लूटकांड में सीसीटीवी फुटेज खंगालते रह गई पुलिस

20 फरवरी को सीपत क्षेत्र के खम्हरिया स्थित रमेश ज्वेलर्स के संचालक विनय सोनी जेवर से भरा थैला रखकर शटर बंद कर रहे थे। इसी दौरान नकाबपोश बाइक सवार तीन युवक आए। एक युवक 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवर सहित थैला उठाकर भाग गया। दूसरे दिन भी पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते रह गई। लुटेरों का सुराग नहीं लग पाया है।

### आई 20 कार का मालिक ओडिशा जेल में

सराफा व्यापारी की कार परसाही नहर के पास छोड़कर लुटेरे सीपत झलमला निवासी ईरफान अली के साथ उसके स्कार्पियो में बैठकर अम्बिकापुर तक गए थे। वहां से वे एक आई 20 कार से दिल्ली भाग रहे थे। बताया जाता है उक्त आई 20 कार गांजा तस्कर रामफेकू के नाम पर है, जो ओडिशा जेल में बंद है। उक्त आई 20 को आरोपी विनोद उर्फ बीनू प्रजापति चला रहा था। अम्बिकापुर में उसका परिचित उक्त कार लेकर आया था।

### आर्थिक संकट से जूझ रहा था विजय लांबा

खूंखार लुटेरा विजय लांबा के खिलाफ लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास सहित 67 मामले दर्ज हैं। खबर है वर्तमान में उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब चल रही थी। जिससे उसने दो माह पूर्व सराफा व्यापारी श्री तिवारी को लूटने की योजना बनाकर शहर आया था। किन्तु सफल नहीं होने पर उसने जबड़ापारा में कट्टा अड़ाकर होटल व्यवसायी से लूट की कोशिश की थी। कुछ दिनों बाद उसका साथी गगनदीप पकड़ा गया था। उसके बाद 16 फरवरी को चोरी की गाड़ियों से फिर साथियों के साथ सराफा व्यापारी श्री तिवारी को लूटने के लिए शहर आया और 17 फरवरी को श्री तिवारी को लूटने में सफल हो गया। किन्तु वह साथियों के साथ यूपी मिर्जापुर में पकड़ा गया।

---

# रिटायर्ड आर्मी अफसर के घर चोरों का धावा, लाखों के जेवर, नकद ले उड़े

**मंगला अभिषेक विहार फेस टू में वारदात, एक और मकान में चोरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अभिषेक विहार में रहने वाले रिटायर्ड आर्मी अफसर और एक अन्य सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवर, नकद की चोरी कर ली। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन क्षेत्र के मंगला अभिषेक विहार फेस टू निवासी रिटायर्ड आर्मी अफसर एसके शुक्ला ने बताया कि 5 फरवरी को उनके बेटे की शादी हुई थी। शादी में मिले जेवर व गिफ्ट घर में रखे थे। 19 फरवरी को वे परिवार के साथ घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने भांजे की शादी में शामिल होने बलौदाबाजार भाठापारा के एक रिसार्ट में चले गए थे। 21 फरवरी को वे घर आने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उनके घर बिजली बंद करने गए रिश्तेदारों ने उन्हें फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। वे परिवार के साथ घर आए तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े हुए थे। श्री शुक्ला ने बताया, बेटे बहू के शादी में मिले 2 लाख रुपए नकद व 2.50 लाख के सोने के जेवर चोरी हो गए हैं।



वह मकान जहां चोरी हुई।



घटनास्थल की जांच करती पुलिस।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर में 50 हजार की चोरी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अंकित श्रीवास पिता सुभाष श्रीवास ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी बहन रमन श्रीवास अपने परिवार के साथ अभिषेक विहार फेस टू रिटायर्ड आर्मी अफसर श्री शुक्ला के मकान के सामने जगमोहन पटेल मकान में किराए में रहती है। 20 फरवरी को वे काम से कोटा चली गईं। चोरों ने उनके मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर चांदी के जेवर, 9 हजार 500 रुपए नकद सहित 50 हजार का सामान चोरी कर लिया है।

---

# एडमिट कार्ड नहीं मिला, 10 वीं बोर्ड के 12 बच्चे परीक्षा से हो गए वंचित

**बिलासपुर।** 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति का हवाला देते हुए गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के ग्राम पकरिया स्थित हाईस्कूल के 12 छात्र-छात्राओं को 10 वीं के पहले पेपर से शनिवार को वंचित कर दिया गया। इन बच्चों को एडमिट कार्ड तक जारी नहीं किया गया और रायपुर जाने की बात करते हुए स्कूल परिसर से निकाल दिया गया। इन बच्चों का कहना है कि उनकी उपस्थिति ठीक थी और कम थी तो प्राचार्य को पहले जानकारी देनी चाहिए थी। प्राचार्य ने परीक्षा फार्म तक भरवाया था और अंत तक एडमिट कार्ड रायपुर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आने का आश्वासन देते रहे। अब इस लापरवाही के कारण इन बच्चों का साल बरबाद हो गया है लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है।

- जीपीएम जिले के पकरिया हाईस्कूल का मामल

छत्तीसगढ़ में शनिवार से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है लेकिन गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के ग्राम पकरिया से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहाँ 12 छात्र-छात्राएं कम उपस्थिति के कारण बोर्ड परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गए। इन छात्र-छात्राओं ने बताया कि वे सभी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं की परीक्षा में शामिल होने वाले थे, लेकिन स्कूल में निर्धारित उपस्थिति पूरी नहीं होने की बात कहते हुए प्रवेश पत्र जारी नहीं किया गया। छात्रों का कहना है कि वे सत्र की शुरुआत में नियमित रूप से स्कूल जाते थे, लेकिन बीच-बीच में तबीयत खराब होने और अन्य पारिवारिक कारणों से स्कूल नहीं पहुंच सके। इसकी पूरी जानकारी भी प्राचार्य और शिक्षकों को दी गई थी लेकिन उपस्थिति दर्ज नहीं की गई।



### प्राचार्य ने मुख्यालय जानकारी भेजी ही नहीं

वहीं कुछ छात्र-छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ऐसे भी कुछ विद्यार्थी हैं जिनका नाम स्कूल से कट चुका था, फिर भी उनका प्रवेश पत्र जारी हो गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब अन्य छात्रों को राहत मिल सकती है, तो इन्हें क्यों नहीं। इस बारे में जानाकारी लेने पर मालूम पड़ा कि माशिमं मुख्यालय रायपुर से सभी स्कूलों के प्राचार्य को एक प्रपत्र जारी किया गया था जिसमें उस स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट और उनकी पूरी जानकारी भेजी जानी थी। इन 12 छात्र-छात्राओं के बारे में प्राचार्य ने मंडल आफिस में कोई जानकारी ही नहीं दी। कम उपस्थिति के बारे में भी नहीं बताया गया।

---

# सर्चडाग ने लापता ग्रामीण को 10 किमी. दूर जंगल में खोज निकाला

**बिलासपुर।** तीन दिन पहले दोस्तों के साथ शराब पीने निकला ग्रामीण लापता हो गया, मौके पर टोपी व चप्पल मिलने पर परिजन ने अनहोनी होने की आशंका जताई। पुलिस ने उसे ढूंढने के लिए सर्चडाग विमला का सहयोग लिया, सर्चडाग ने टोपी, चप्पल सूंघकर 10 किलोमीटर जंगल के अंदर लापता ग्रामीण को जीवित खोज निकाला।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, डांडबछाली निवसी तरूण सिदार पिता कुंजराम सिदार 48 साल विगत 19 फरवरी की सुबह घर से खेत जाने के लिए ग्राम तुलूफ अपने खेत गया था। रात तक घर वापस नहीं आने पर 20 फरवरी को परिजन ने उसे ढूंढा तो पता चला कि तरूण अपने साथी भक्त नारायण, सूरज सिंह, बलराम सिदार, शत्रुहन सिदार के साथ घूमन रहा था, अंतिम बार तरूण के खेत में शराब पीते देखा गया है। परिजन के द्वारा अनहोनी की आशंका जताने पर साथी भक्त नारायण, सूरज सिंह, बराम सिदार, शत्रुहन सिदार को चौकी तलब कर पूछताछ की गई। चारों ने बताया, सभी शराब पी रहे थे। अत्याधिक नशा होने पर तरूण अपने खेत में सो गया था और वे चारों अपने घर आ गए थे। पुलिस मौके पर गई तो लापता तरूण की टोपी, चप्पल पड़ी थी। अनहोनी होने की आशंका पर पुलिस ने सर्चडाग को सहयोग के लिए बुलाया गया। डाग मास्टर मनोज साहू सर्चडाग विमला को लेकर मौके पर गए। सर्चडाग विमला टोपी, चप्पल सूंघने के बाद खेत से 10 किलो मीटर दूर जंगल के अंदर लापता तरूण सिदार को जीवित खोज निकाला। उसके बाद पुलिस व परिजन ने राहत की सांस ली। पुलिस ने उसे बरामद करने के बाद समझाइश देकर परिजन को सौंप दिया है।



### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना क्षेत्र के दर्री निवासी 20 वर्षीय रवि यादव नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया। नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। मामले की रिपोर्ट पामगढ़ थाने में दर्ज हुई। रिपोर्ट के बाद से रवि यादव फरार हो गया था। पुलिस उसकी पतासाजी में जुटी थी। सायबर टीम की तकनीकी जांच में पता चला कि वह पंजाब में छिपा है। पुलिस टीम ने पंजाब जाकर उसे पकड़ लिया। हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाना एवं शादी का झांसा देकर अनाचार करना स्वीकार किया।

---

# चोरी के माल के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा पुलिस एवं सायबर टीम ने चोरी के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के गहने व मोबाईल के साथ घटना में प्रयुक्त कार को जप्त किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम तालदेवरी में रहने वाली श्रीमती कृष्णो साहू 29 जनवरी की रात खाना खाकर अपने परिवार के साथ सो गई। सुबह 4 बजे सोकर उठी तो देखा कि कमरे का अलमारी खुला था और अंदर लाकर में रखे सोना का एक लाकेट कीमती 6 हजार रुपए, सोने का टाप्स कीमती 73 हजार 250 रुपए एवं चांदी की एक जोड़ी पायल कीमती 6 हजार 750 रुपए, एक मोबाइल और नगदी रकम 30 हजार रुपए गायब थे। कुल 1 लाख 19 हजार के चोरी की रिपोर्ट बिर्रा थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।थाना बिर्रा स्टॉफ एवं साइबर टीम की संयुक्त टीम द्वारा संदेही राज कुमार कर्ष पिता रेशमलाल कर्ष उम्र 28 वर्ष निवासी मुड़पार थाना शिवरीनारायण, जितेन्द्र साहू पिता मूलचंद साहू उम्र 28 वर्ष निवासी कनस्दा थाना शिवरीनारायण, विनोद कुमार कर्ष पिता दुकराम कर्ष उम्र 39 वर्ष निवासी टुण्ड्रा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार को पकड़ा। हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो तीनों ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से सोने का 1 जोड़ा कनौती टाप्स, सोने की 1 जोडी टाप्स, 2 जोड़ी चांदी पायजेब एवं सोना का 9 फर वाला गाला, 1 रियलमी मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त वाहन मारूती इक्को क्रमांक सीजी 10 बी.जे. 2180 को जप्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। कार्यवाही में सायबर टीम से प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, राजकुमार चंद्रा, माखन साहू गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, श्रीकांत सिंह, रोहित कहर प्रतीक सिंह, शाहबाज एवं थाना बिर्रा से निरीक्षक जय कुमार साहू, एएसआई टी. आर जांगडे, प्रधान आरक्षक संजय, विवेक सिंह, गौतम पाण्डेय, दोमनिक तिग्गा, आरक्षक रघुवीर यादव, रामसाय साहू, पत्तिराम यादव, भुवनेश्वर साहु, लक्ष्मीनारायण कश्यप का योगदान रहा।





जब्त जेवरात के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

---

# सारागांव में बिजली चोरी करते 6 पकड़े गए, होगी एफआईआर

**जांजगीर-चांपा।** चोरी की बिजली से घर रोशन करने वाले 6 लोगों के खिलाफ विद्युत मंडल ने कार्रवाई की है। स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कर उपभोक्ताओं द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी। अब सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। बिजली चोरी पर लगाम कसने विद्युत मंडल द्वारा अभियान छेड़ दिया गया है। विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिजली विभाग ने सारागांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा। यह अभियान विभाग के एस ई अमर चौधरी एवं ई ई अजय भारद्वाज के निर्देश पर चलाया गया। बिजली विभाग के ए ई अंकित सोनी ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा की गई जांच में सामने आया कि संबंधित उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से पहले सर्विस वायर को काटकर सीधे बिजली आपूर्ति ले रहे थे। इस अवैध कनेक्शन के माध्यम से लंबे समय से बिजली चोरी की जा रही थी, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा था।

# पहले दिन ही 10 वीं बोर्ड की हिंदी परीक्षा में 789 परीक्षार्थी रहे गायब

**बिलासपुर।** सीजी बोर्ड के तहत 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू शनिवार से शुरू हुई। पहले दिन हिन्दी की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक हुई। जिले के 131 केन्द्रों में यह परीक्षा हुई। इसमें कुल पंजीकृत 22 हजार 222 परीक्षार्थियों में से 21433 उपस्थित तो 789 अनुपस्थित रहे। आसान पेपर में बच्चों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही और शिक्षा विभाग ने इसकी पड़ताल करने कहा है।

राज्य भर की बात करें तो परीक्षा के लिए 6,839 स्कूलों से 3,21,571 स्टूडेंट रजिस्टर्ड हैं और राज्यभर में 2,510 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा से पहले कुछ स्कूलों में परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। परीक्षा देकर बाहर निकले बच्चों ने बताया कि सवाल सरल आए थे। पहला पेपर अच्छा जाने से आने वाले पेपरों के लिए आत्मविश्वास बढ़ा है और बोर्ड परीक्षा का डर थोड़ा कम हुआ है। ध्यान रहे कि बोर्ड की तरफ से जारी टाइम टेबल के अनुसार, 10वीं की परीक्षा 13 मार्च तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और गोपनीयता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में समय से पहले पहुंचने और प्रवेश पत्र साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बतौली की लीजा पाल बनीं व्यवहार न्यायाधीश



**अम्बिकापुर।** नगर की होनहार बेटी लीजा पाल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी परीक्षा-2024 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अंतर्गत विधि एवं विधायी कार्य विभाग के लिए व्यवहार न्यायाधीश के कुल 57 पदों हेतु परीक्षा आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर 2025 को आयोजित हुई थी तथा लिखित परीक्षा का परिणाम 22 जनवरी को घोषित किया गया। इसके पश्चात 10 से 20 फरवरी तक कुल 183 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। लिखित एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर आयोग ने कुल 57 पदों पर चयन सूची जारी की है, जिसमें बतौली की लीजा पाल का चयन होना नगर एवं क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि लीजा पाल बतौली की पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी पाल एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महेंद्र पाल की पुत्री हैं।

### लम्बे समय से जमें 83 पटवारियों का किया गया स्थानान्तरण

**अंबिकापुर।** शनिवार को जिले में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की है। कलेक्टर श्री वसंत जिले में लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए 83 पटवारियों का स्थानान्तरण आदेश जारी किया है। इसके साथ ही सभी पटवारियों को 23 फरवरी तक नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिए गए है। बता दें कि सरगुजा जिले में पटवारी लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए थे। हल्का पटवारियों के एक ही स्थान पर जमे होने के कारण कई बार तरह तरह की शिकायतें भी सामने आ रही थी। ऐसे में कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने लंबे समय से पदस्थ हल्का पटवारियों को प्रशासनिक दक्षता एवं कार्यों के बेहतर संपादन एवं लोकहित के दृष्टिकोण से 83 पटवारियों का स्थानान्तरण आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में लिखा गया है कि स्थानांतरित पटवारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) संबंधित तहसील में अपने स्तर पर हल्का में पदस्थापना करेंगे। एक तहसील से पृथक तहसील में पदस्थापना किए जाने पर जिला कार्यालय से पूर्व में अनुमोदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सभी पटवारियों को एक तरफा भारमुक्त किया गया है और उन्हें 23 फरवरी को नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

## निधन

### मोहन राजपूत



**कोरबा।** नगर सेना कार्यालय में पदस्थ एवं कांशीनगर निवासी सैनिक मोहन राजपूत का आकस्मिक निधन हो गया है। वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्री सहित भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम चांपा में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित बड़ी संख्या में नगर सैनिक मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तेज रफ्तार वाहन...

की जान गई है। वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद गोपाल कुर्रे ने इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी, क्योंकि यह आबादी वाला क्षेत्र है। इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन शुरू करने से पहले ट्रक एसोसिएशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दुर्घटना की आशंका जताई थी कि इससे ट्रक चालकों और मालिकों को परेशानी हो सकती है।

# निगम आयुक्त ने दादर तालाब पहुंचकर किया सफाई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने दादर बस्ती माँ कंकालीन देवी मंदिर के पीछे स्थित तालाब पर पहुंचकर टीम के साथ जल स्त्रोत की सफाई का कार्य किया गया तथा घंटों तक स्वयं सफाई कार्य करते हुए स्वच्छता व साफ-सफाई कार्यों में सबकी सहभागिता का आव्हान किया। इस दौरान बड़ी मात्रा में अपशिष्ट का संग्रहण कर, कचरे का परिवहन व डिस्पोजल कराया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस मौके पर स्वच्छता को अपनी जीवनशैली बनाने, स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने की अपील आमजन से करते हुए संत निरंकारी मिशन के कार्यकर्ताओं की इस पहल की सराहना की।

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत ग्राम्य बस्ती दादर माँ कंकालीन देवी मंदिर के पीछे स्थित तालाब में शनिवार को संत निरंकारी मिशन के कार्यकर्ताओं व नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में तालाब जल स्त्रोत की सफाई हेतु स्वच्छता अभियान संचालित किया गया तथा जल स्त्रोत की सफाई की गई। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए स्वच्छता का कार्य किया, उन्होंने टीम के साथ मिलकर साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता कार्य में अपना श्रमदान दिया। इस मौके पर तालाब की मेढ़ व वहाँ पर स्थित 3 घाट की विशेष साफ-सफाई कर बड़ी मात्रा में डिस्पोजल, पाउच कैरीबैग, प्लास्टिक कचरा, पूजा सामग्री का अपशिष्ट व बर्म झाड़ियाँ आदि का संग्रहण कर कचरे का उठाव परिवहन व डिस्पोजल कराया गया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि आज जल स्त्रोत दादर तालाब की सफाई का कार्य संत निरंकारी मिशन के सेवा दल सदस्यों व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा किया गया। जल पंच तत्वों से एक है तथा जल में ईश्वर का वास होता है, जल एवं जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना, उनमें गदंगी न होने देना, हम सभी का दायित्व है तथा स्वच्छता में सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा निरंतर स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों तथा आमजन के सहयोग से जल स्त्रोतों की सफाई मार्गों, सार्वजनिक स्थलों व वार्ड-बस्तियों में सफाई का कार्य लगातार किया जाएगा तथा स्वच्छता कार्य में सबका सहयोग प्राप्त किया जाएगा। संत निरंकारी मिशन के वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि सफाई के दौरान अधिकांश अपशिष्ट प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल का मिला है, निश्चित रूप से प्रतिबंधित प्लास्टिक स्वच्छता में एक बड़ी बाधा है, अतः हम सभी को स्वयं जागरूक होना होगा कि हम प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग अपने दैनिक जीवन में न करें।

### संत निरंकारी मिशन ने भी किया सहयोग

**खास बातें**

- जल स्रोत में चलाया गया स्वच्छता अभियान
- तालाब सफाई के लिए चल रहा स्वच्छता अभियान



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पताड़ी में आयोजित किया सम्मान समारोह

# सामाजिक सेवा में योगदान के लिए अदाणी फाउंडेशन ने 6 सौ महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरपाली तहसील में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अदाणी फाउंडेशन द्वारा कोरबा पॉवर लिमिटेड के पास के ग्राम पताड़ी में आयोजित सम्मान समारोह में आसपास की 14 ग्राम पंचायतों से लगभग 6सौ महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पताड़ी, पहन्दा, खोड्डुल, सरगबूंदिया, कुदूरमल, ढ़नढ़नी, कटबितला, देवरमल इत्यादि ग्रामों की 100 मितनिनों तथा 500 स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इसका उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को प्रोत्साहित करने और समाज में उनकी भूमिका को सम्मान देना है जो की भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे। मंचस्थ अतिथियों में सुष्मिता अनंत जिला पंचायत सदस्य, श्रीमति रीना सिदार जनपद सदस्य सरगबूंदिया, कुमारी वंदना गुप्ता जिला समन्वयक मितानीन मौजूद रहीं। साथ ही श्रीमति संगीता कुंवर, सरपंच पहंदा, श्रीमति निकीता सिंह, सरपंच खोड्डुल, श्रीमति रिंकी कंवर सरपंच बरीडीह, श्रीमति ललीता जगत सरपंच उरगा, अचला कंवर सरपंच कटबितला डॉ रजनी कटकवार स्वास्थ्य केंद्र, पताड़ी दीप्ति डिक्सेना अंचल स्वास्थ्य अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आदबाई पूर्व सरपंच पताड़ी सहित कई ग्राम सरपंच व प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। इसके अलावा कोरबा पॉवर लिमिटेड के डॉ. विकास ठाकुर, अरुण प्रसाद सहित अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती सुष्मिता अनंत ने कहा कि, आज महिलाएं देश की हर सेवा और क्षेत्र में उच्च पदों पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रपति भी महिला हैं, जो देश की प्रगति में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है। आज समाज के विकास में महिलाओं के योगदान को गौरव का विषय है। डॉ. विकास ठाकुर ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता समाज को नई दिशा देने का संकेत है और इससे क्षेत्रीय विकास तथा संयंत्र के प्रति सहयोग को भी बल मिलेगा। अदाणी फाउंडेशन के इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि कम्युनिटी फर्स्ट की भावना के साथ संस्था स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के समग्र और सतत विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य और अधोसंरचना विकास सहित महिलाओं के उन्नयन में भी विशेष कार्य संचालित किए जा रहे हैं।




सम्मान समारोह में उपस्थित महिलाएं।

# मेले में भीड़ के बीच से निकल रहे भारी वाहन, लग रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाशिवरात्रि पर्व के दिन से ही पाली में 15 दिवसीय संचालित होने वाले मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है, लेकिन मेले में भारी वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही से न केवल मेला का लुत्फ उठाने पहुंचे आमजन को परेशानी हो रही है बल्कि ऐतिहासिक शिव मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भी मुश्किलें जाम व व्यवस्थाओं को लेकर बढ़ गई है तथा उन्हें परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा है।

संचालित मेले में कुछेक जगहों पर पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स तो है किंतु पुलिस नदारद नजर आती है, नया बस स्टैंड समीप से शिवमंदिर चौंक व इससे होकर न्यायालय चौंक तक मार्ग के दोनों ओर व्यापारियों की विभिन्न दुकाने मेले में लगी हुई है, जिन मार्गों पर भारी वाहने घुसकर भीड़भाड़ से निकल रहे है, जिससे सुरक्षा का जोखिम बना हुआ है। भारी वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग है पर उन वाहनों के मेले के भीतर से होकर गुजरने से मेला मार्ग में लंबी जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इससे राहगीरों और छोटे वाहनों को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। भारी वाहनों के मेले के बीच चलने से पैदल विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय पुलिस की कमी और नियमो के पालन में ढिलाई के कारण यह अव्यवस्था निर्मित हुई है। इसे लेकर लोगों में खासी नाराजगी है और उनका कहना है कि जिम्मेदारों ने इस तरफ अनदेखी कर रखी है।

# ग्राम्य भारती कालेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज : हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक प्रभारी अशोक मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि रोहित सिंह एसडीएम पाली हरदीबाजार/ विमल खांडेकर नायब तहसीलदार एवं अध्यक्षता डॉ एम एम वैष्णव प्राचार्य शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना व राजकीय गीत महाविद्यालय के छात्र लुकेश साहू एवं साक्षी राठौर द्वारा प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अब तक का ऐतिहासिक एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थानी स्वागत नृत्य - घनी कम्मा प्रियंका, मयूरी ,दिव्यांशी, इंदु, आंचल, छत्तीसगढ़ रीमिक्स श्यामलता ,सावित्री ,तमन्ना, एकल नृत्य मेरे ढोलना सुन अवंतिका, एनसीसी कैडेट के छात्र-छात्राओं का समूह नाटक एवं नृत्य, गुजराती नृत्य इंदु , दीपांजलि ,आंचल, एकल नृत्य शरारत आंचल कुर्रे, हरियाणवी समूह नृत्य प्रियंका ,मयूरी, दिव्यांशी, इंदु एकल गीत साहिल ,समूह नृत्य कर्मा अभिषेक ,अनीश, गौतम ,शिव, दुर्गेश ,साहिल ,देसू ,मनीष, प्रिया, बदल ,रश्मि, किरण, रेणु, प्रियंका, एकल नृत्य कृष्णा लक्ष्मी एवं यूकेश, समूह नृत्य फ्लेक्स बाय अभिषेक, अनीश, गौतम, शिव ,दुर्गेश ,अशफाक, युगल नृत्य मया होगे साक्षी राठौर एवं आंचल कुर्रे छत्तीसगढ़ी मिक्स राधिका, चौहान श्याम लता, सावित्री, तमन्ना , समूह नृत्य संबलपुरी आरती, अर्चना, भगवती ,तेजू एन एस एस ,के छात्र- छात्राओं द्वारा प्रस्तुत झांकी , दक्षिण भारतीय समूह नृत्य तमन्ना, श्याम लता, सावित्री , एकल नृत्य सुनिधि पांडे ,युगल नृत्य चंदा साहू एवं प्रियंका, समूह नृत्य हिंदी मिक्स अनीश एवं साथी एकल नृत्य हिंदी मिक्स रिया यादव समूह नृत्य प्रियंका, संजना ,ज्योति ,दुर्गेश्वरी ,आरती, महिमा ने आकर्षक एवं मनोरम कार्यक्रम की प्रस्तुति दी आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधिसरपंच लोकेश कंवर, नरेश टंडन,अजय दुबे, अनिल टंडन,आशीष अग्रवाल, मन्नु सांई राठौर,सांसद प्रतिनिधि दिलीप राठौर ,हरदी बाजार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए नवाचार व समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देना आवश्यक : डॉ घनश्याम



कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राध्यापक व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय महाविद्यालय करतला एवं नवीन शासकीय महाविद्यालय रामपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी विकसित भारत 2047 आत्मनिर्भरता, नवाचार एवं समावेशी विकास का मुख्य अतिथि डॉ जीए घनश्याम, पूर्व संचालक उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में समापन हुआ।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में उच्च शिक्षा संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास एवं समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देना आवश्यक है। इससे पूर्व प्रथम तकनीकी सत्र में छपरा बिहार के सहायक प्राध्यापक अनुपम कुमार सिंह ने भारतीय ज्ञान प्रणाली से विकसित भारत की संकल्पना पर प्रकाश डाला। शासकीय महाविद्यालय करतला के प्राचार्य प्रो. मृगेश यादव ने सामाजिक परिवर्तन एवं सभी की सहभागिता से विकसित भारत का सपना साकार करने की बात कही। दो दिवसीय इस संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में समसामयिक विषयों पर गंभीर एवं सारगर्भित चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के प्रति आभार जताया। आयोजन समिति के संयोजक डॉ संजय यादव एवं समिति के सचिव डॉ सपना मिश्रा रही। संगोष्ठी के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

# गोपालपुर पुनर्वास गांव की जर्जर सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डामरीकरण कार्य का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री व महापौर।

**खास बातें**

- उद्योग मंत्री व महापौर ने किया डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन
- कार्य तत्काल प्रारंभ कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्यसंपादन समय पर पूरा करने दिए निर्देश

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम के दर्री जोनांतर्गत जमनीपाली वार्ड के गोपालपुर पुनर्वास गांव की बर्षों से जर्जर पड़ी सड़कों का जीर्णोद्धार व डामरीकरण कार्य के भूमिपूजन के दौरान कही। एनटीपीसी सहित अन्य सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों का आव्हान करते हुए श्री देवांगन ने कहा है कि वे अपने पुनर्वास ग्रामों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करें, पुनर्वास ग्रामों की समस्याओं को पूरी गंभीरता से लें तथा उनका समय-समय पर त्वरित निराकरण कराएं। वार्ड क्र. 54 जमनीपाली अंतर्गत स्थित एनटीपीसी के पुनर्वास ग्राम गोपालपुर में बर्षों से जर्जर पड़ी सड़कों के जीर्णोद्धार व डामरीकरण हेतु एनटीपीसी के सीएसआर मद से 1 करोड़ 50 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, आवश्यक प्रक्रिया के पश्चात अब उक्त महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि निगम के सभी वार्डों में वहाँ के नागरिकों की आवश्यकता व मांग के अनुसार व्यापक स्तर पर विकास कार्य वर्तमान में कराये जा रहे हैं तथा बिना किसी भेदभाव के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में विगत 2 वर्षों के दौरान 865 करोड़ रूपये के विकास कार्य विभिन्न मदों के अंतर्गत स्वीकृत कराये जा चुके हैं तथा यह प्रयास किया जा रहा है कि विकास कार्यों हेतु किसी भी प्रकार की धनराशि की कमी न होने पाए।

प्रतिष्ठानों का प्रथम दायित्व बनता है कि वे पुनर्वास ग्रामों के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील रहें तथा इन ग्रामों के विकास एवं उन्हें आदर्श स्वरूप में विकसित करने की दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। वर्तमान में निगम द्वारा वार्ड क्र. 54 जमनीपाली वार्ड में 53 लाख रूपये के कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं तथा 2 करोड 61 लाख रूपये के कार्य वार्ड की विभिन्न बस्तियों में प्रगति में हैं, वहीं 58 लाख रूपये के नये कार्य भी इस वार्ड हेतु स्वीकृत किये गये हैं।

### लगातार जारी रहेगी विकास कार्यों की गति

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास की यह गति लगातार जारी रहेगी तथा मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उद्योग मंत्री श्री देवांगन के निरंतर मार्गदर्शन में कोरबा का सर्वांगीण विकास होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन विकास कार्यों हेतु विभिन्न मदों के अंतर्गत राशि की स्वीकृति करवा रहे हैं, और इसी के परिणाम स्वरूप विकास कार्यों हेतु फंड की कोई कमी नहीं हो रही है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं मेरा स्वयं का यह लगातार प्रयास है कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हों तथा नागरिकों को सभी सुविधाएं मिले, उनकी समस्याएं त्वरित रूप से दूर की जाए।

### बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई

वार्ड क्र. 54 जमनीपाली वार्ड के पार्षद मुकुंद सिंह कंवर ने कहा कि 25 वर्षों से ज्यादा समय से पूर्व इस ग्राम की सड़कें बनी थी तथा कई वर्षों से सड़कें जर्जर हो चुकी थी, सड़कों की दयनीय स्थिति है, आवागमन में ग्रामवासियों को अत्यंत असुविधा होती है, किन्तु आज इस सड़क डामरीकरण की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

### शपथ पत्र

मैं सूर्यकांत देवांगन (SURYKANT DEWANGAN) उम्र 32 वर्ष पिता घनश्याम देवांगन, निवासी-मकान नं. 155, सरस्वती चौक ओमपुर रजगामार वार्ड नं. 15, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) की होकर निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

01. यह कि, उक्त पते पर निवास करता हूँ तथा मेरा आधार नं. 8492 0604 4528 है।

02. यह कि, आधार कार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम सूर्यकांत देवांगन (SURYKANT DEWANGAN) है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरी तीनों पुत्री 1. डेजी देवांगन, 2. पूर्वी देवांगन, 3. लेख्या देवांगन के जन्म प्रमाण पत्र में 1. डेजी देवांगन के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम सूर्यकांत देवांगन (SURYAKANT DEWANGAN), 2. पूर्वी देवांगन के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम सूर्यकांत (SURYAKANT), 3. लेख्या देवांगन के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम सूर्यकांत (SURYAKANT) स्पेलिंग त्रुटि है।

03. यह कि, मेरी तीनों पुत्रियों के जन्म प्रमाण पत्र में पिता 1. डेजी देवांगन के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम सूर्यकांत देवांगन (SURYAKANT DEWANGAN), 2. पूर्वी देवांगन के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम सूर्यकांत (SURYAKANT), 3. लेख्या देवांगन के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम सूर्यकांत (SURYAKANT) स्पेलिंग त्रुटि को सुधार कर सही नाम सूर्यकांत देवांगन (SURYKANT DEWANGAN) दर्ज किया जाए और आगे इसी नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

04. यह कि, यह शपथ पत्र उक्ताशय के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित कार्यालय विभाग में प्रस्तुत करना है।

**सूर्यकांत देवांगन**
**शपथकर्ता**

प्रो०नं०-20/26 प्रकरण क्रमांक 04/2026
पेशी तारीख -02.03.2026

### आम ईश्तहार/नोटिस

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा (छ०ग०)**

फिरतीन बाई ............आवेदिका

बनाम

अहिल्या बाई व अन्य अनावेदकगण

उपरोक्त आवेदिका फिरतीन बाई के द्वारा अहिल्या बाई व अन्य के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1995 के तहत मृतक साहेब लाल (जिसका मृत्यु, दिनांक 15.06.2017) का श्रीमान वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में जमा पेशन राशि को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की आगामी दिनांक 02.03.2026 है।

अतः अनावेदकगण, (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो), को उक्त प्रकरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 18/02/26 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(कु. मयूरा गुप्ता)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला-कोरबा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### किडोस्फीयर वार्षिकोत्सव में नन्हे सपनों ने दिखाई प्रतिभा

**कोरबा।** किडोस्फीयर प्री प्राइमरी स्कूल का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमती अंजू शर्मा प्रतिष्ठित योग शिक्षिका एवं संस्थान संचालिका तथा श्रीमती दीपशिखा अरोड़ा सुप्रसिद्ध कला एवं चित्रकला शिक्षिका एवं संस्थान संचालिका रही। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य, देशभक्ति प्रस्तुतियाँ, कविताएँ और मनमोहक नाट्य मंचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अभिलाषा विजेता ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के निरंतर सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के अंत में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं एवं उनके अभिभावकगण सहित अन्य उपस्थित थे।

### कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती हेतु दावा आपत्ति 24 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अन्तर्गत के आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा क्र. 1(धवईपुर), खोडरी क्र. 2 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र ढपढप क्र. 1 में आगंनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी केन्द्र केसला, रलिया क्र. 3, रलिया क्र 2, ज्योतिषनगर (भिलाई बाजार), तेलसरा क्र. 3, हुंकरा, सोनपुरी एवं नगर पंचायत छुरीकला के वार्ड क्र. 10 एवं 11 के आंगनबाड़ी केन्द्र दुर्गाचौक में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाये गये थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा ने इस सम्बंध में बताया कि प्राप्त आवेदनों अनुसार प्रावधिक मूल्यांकन प्रत्रक जारी करते हुए कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा में सूची चस्पा किया गया है। इस सम्बंध में अभ्यर्थियों से 24 फरवरी से 5 मार्च तक आवेदन मंगाया गया है।

### सेना भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**कोरबा।** सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 13 फरवरी को जारी की गई है। अधिसूचना भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमेन दसवी पास, ट्रेडमेन आठवी पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदो के लिए जारी किया गया है। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा 1 जून से 10 जून तक होने की संभावना है। उम्मीदवार किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक, सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

**कोरबा।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट परिसर में इस कार्यक्रम को विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों और सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला अधिकारी बसंत मिंज की भी उपस्थिति रही। साथ ही परियोजना से जुड़े अधिकारी मनोज अग्रवाल राजेंद्र सिंह सहित विभाग के अधिकारी ने योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओ को महिला और बाल कल्याण योजना के प्रभावी क्रियावयन पोषण सेवाओं की गुणवत्ता और क्षेत्र में बेहतर कार्य प्रणाली को लेकर मार्गदर्शन दिया गया अधिकारीओ ने कहा की विभाग की योजनाओं का लाभ पत्र हितग्राहिओ तक समय पर पहुंचे के लिए सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

# अपराधों पर नियंत्रण रखने सर्राफा, गोल्ड लोन एवं पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना, चौकी परिसरों में सर्राफा व्यापारियों, गोल्ड लोन संचालकों एवं पेट्रोल पंप संचालकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

अलग खबर

बैठक का मुख्य उद्देश्य संपत्ति संबंधी अपराधों, लूट, चोरी एवं ठगी की घटनाओं की रोकथाम करना तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना रहा। इस दौरान पुलिस ने सर्राफा व्यापारियों को निर्देश दिया है कि दुकान परिसर में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित कर कम से कम 30 दिवस का बैकअप सुरक्षित रखें। प्रत्येक कर्मचारी का पुलिस सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। संदिग्ध व्यक्ति अथवा लेन-देन की सूचना तत्काल संबंधित थाना/चौकी को दें। सोना-चांदी की खरीद-बिक्री का संपूर्ण विवरण रजिस्टर में संधारित रखें। इसी तरह गोल्ड लोन संचालकों को निर्देश दिया गया है कि ऋण स्वीकृति से पूर्व ग्राहक के वैध पहचान पत्र का सत्यापन अनिवार्य रूप से करें। गिरवी रखे गए आभूषणों का फोटो एवं पूर्ण विवरण सुरक्षित रखें। चोरी अथवा संदिग्ध आभूषण गिरवी रखे जाने की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें। सुरक्षा हेतु अलार्म सिस्टम एवं सीसीटीवी की समुचित व्यवस्था रखें। बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों भी निर्देश दिया गया कि पंप परिसर में कार्यशील सीसीटीवी कैमरे एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। रात्रिकालीन समय में विशेष सतर्कता बरतें। अधिक नकदी एकत्रित होने पर समय-समय पर बैंक में जमा करें। संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी अथवा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध विधिसम्मत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों एवं संचालकों द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया गया।

### सजग कोरबा सतर्क कोरबा के तहत की गई बैठक

**खास बातें**

- कर्मचारी के सत्यापन कराने के दिए गए निर्देश
- सीसीटीवी कैमरा लगाना होगा अनिवार्य



## रजगामार और दोंदरो ग्राम पंचायत की दुकानों के लिए नहीं बनी योजना

# खंडहर हो रही अटल व्यावसायिक परिसर की दुकानें नहीं हो सकी आबंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अटल व्यवसायिक परिसर की खंडहर हो रही दुकानों को आबंटित करने के संबंध में जिला और जनपद स्तर से कोई योजना नहीं बनने के कारण दुकानें खंडहर होती जा रही हैं। जबकि पाली विकासखंड की कुछ पंचायतों में रिक्त पड़ी दुकानों को बिहान योजना के तहत महिला समूहों को आबंटित किया गया था। जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत दोंदरो और रजगामार ग्राम पंचायत की दुकानों का आज तक आबंटन नहीं हो सका।

**खास बात**

- पाली ब्लाक की दुकानों को बिहान योजना के तहत महिला समूहों को किया गया था आबंटित

महिला समूहों के लिए भले ही जिला स्तर पर योजनाएं बनाई जा रही हो किंतु मैदानी स्तर पर इनको स्वरोजगार संचालन के लिए किसी तरह की सहायता नहीं की जा रही है। जबकि बिहान योजना के तहत दुकानों का आबंटन महिला समूहों को किए जाने से निष्क्रिय महिला स्व सहायता समूहों को स्वरोजगार मिल जाएगा। इस संबंध में जिला और जनपद पंचायत स्तर पर विभागीय अधिकारियों की बैठक में महिला समूहों को प्रशिक्षण देने, स्वरोजगार देने के विषय पर कार्ययोजना बनाए जाने की चर्चा जरुर होती है किंतु ग्राम पंचायतों में खंडहर हो रही अटल व्यवसायिक परिसर के दुकानों को महिला समूहों को स्वरोजगार शुरु करने के लिए आबंटित करने की दिशा में कोई कार्ययोजना नहीं बनी है। जबकि दोनों ग्राम पंचायतों में सक्रिय महिला समूह कार्य कर रही है। इसी तरह करतला जनपद पंचायत के अंतर्गत बनी अटल व्यवसायिक परिसर की दुकानें भी महिला समूहों को नहीं मिल सकी है।



रजगामार ग्राम पंचायत की खंडकर होती दुकानें।

### ग्राम पंचायतों को है अधिकार

जिला पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि ग्राम पंचायतों में अटल व्यवसायिक परिसर के तहत बनाई गई दुकानों के आबंटन के अधिकार ग्राम पंचायतों को दिया गया है। ग्राम पंचायत दुकानों के आबंटन के लिए जिला व जनपद पंचायत से अनुमति लेने के बाद उनका आबंटन कर सकती है। जिन पंचायतों की आबादी 5 हजार से अधिक है वहां अटल व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है।

### बिहान के तहत गठित है 12 हजार महिला समूह

शासन की बिहान योजना अंतर्गत सभी विकासखंड में 12 हजार महिला स्व सहायता समूहों का गठन जिले में किया गया है। इस तरह जिले की सभी 4 सौ पंचायतों में महिला समूह गठित है। जिन पंचायतों में अटल व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है वहां भी महिला समूह गठित है किंतु उन समूहों को दुकान दिए जाने के संबंध में योजना नहीं बन सकी थी।

### पाली में हुआ है आबंटन

पूर्व में पाली क्षेत्र में बनी अटल व्यवसायिक परिसर की दुकानों में जो रिक्त पड़ी थी उनका आबंटन महिला समूहों को बिहान योजना अंतर्गत किया गया था।

-चिराग ठक्कर
जिला समन्वयक, एनएलआरएम

## ट्रांसफॉर्मर में लगी भीषण आग, कार जलकर हुई खाक



धूं धूंकर जलती कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर के वार्ड क्रमांक 7 स्थित अम्बिकापुर मुख्य मार्ग पर शनिवार आधी रात एक बड़ा हादसा हो गया। यहां लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक भीषण आग लग गई, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया।

आग की चपेट में आकर ट्रांसफॉर्मर के नीचे खड़ी एक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग घरों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात ट्रांसफॉर्मर से अचानक चिंगारियां निकलने लगीं और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। आग इतनी तेजी से फैली कि पास खड़ी कार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि दमकल विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने ही मोर्चा संभालते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में पास के एक गैराज संचालक को लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उनकी कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। गैराज मालिक ने नगर पालिका और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ट्रांसफॉर्मर के आसपास लंबे समय से कचरा जमा था, जिसकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# खदान में डीज़ल चोरी का प्रयास विफल, जवान हुए सम्मानित



कार्यक्रम में उपस्थित एसईसीएल के अधिकारी व सीआईएसएफ के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान में 13 फरवरी की दोपहर लगभग 3:20 बजे 4 अज्ञात चोर एसईसीएल की वर्दी पहनकर सुरक्षा कर्मियों को भ्रमित करने के उद्देश्य से कुसमुंडा खनन क्षेत्र में बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी12 बीयू 6108 से अवैध रस्ते से प्रवेश किए। उक्त चोरों द्वारा 10 प्लास्टिक कंटेनरों में लगभग 170 लीटर डीज़ल चोरी कर फरार होने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान त्रिपुरा स्टेट रायफल्स सुरक्षा कर्मियों की असाधारण सजगता एवं तत्परता के कारण संदिग्ध वाहन की पहचान कर क्यूआरटी की सहायता से उसे रोकने का प्रयास किया गया। पकड़े जाने की आशंका से चोर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। त्रिपुरा स्टेट रायफल्स (टीएसआर) जवानों द्वारा वाहन से 170 लीटर डीज़ल बरामद कर चोरी के प्रयास को विफल कर दिया गया। उक्त साहसिक एवं सतर्क कार्रवाई के लिए एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में, बिरांची दास, निदेशक एसईसीएल, हिमांशु जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसईसीएल एवं लेफ्टिनेंट कमांडर वी. दक्षिणामूर्ति, सुरक्षा प्रमुख, एसईसीएल की उपस्थिति में सभी जवानों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान किया गया। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा त्रिपुरा स्टेट रायफल्स जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, सजगता एवं उत्कृष्ट टीमवर्क की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा इसे कंपनी की सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया।

# बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज कल से

कोरबा। 23 से 27 फरवरी को योनेक्स सनराइज 24वीं छग स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025-26 का आगाज होने जा रहा है। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (केडीबीए) के तत्वावधान में यह पांच दिवसीय टूर्नामेंट नगर निगम कालोनी स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के डबल बैडमिंटन कोर्ट एवं मनोरंजन गृह के सिंगल कोर्ट में आयोजित होगा। राज्य स्तरीय स्पर्धा में स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम करने अलग-अलग कुल 79 ईवेंट के लिए प्रदेशभर के 150 से ज्यादा खिलाड़ी पहुंचेंगे। इनमें 35 प्लस पुरुष डबल्स, 35 प्लस पुरुष सिंगल्स, 35 प्लस महिला सिंगल्स, 35 प्लस महिला डबल्स, 35 प्लस मिक्स्ड डबल्स, 40 प्लस पुरुष डबल्स, 40 प्लस पुरुष सिंगल्स, 40 प्लस महिला सिंगल्स, 40 प्लस महिला डबल्स, 40 प्लस मिक्स्ड डबल्स, 45 प्लस पुरुष डबल्स, 45 प्लस पुरुष सिंगल्स, 45 प्लस महिला डबल्स, 45 प्लस महिला सिंगल्स, 45 प्लस मिक्स्ड डबल्स, 50 प्लस पुरुष डबल्स, 50 प्लस पुरुष सिंगल्स, 50 प्लस महिला डबल्स, 50 प्लस महिला सिंगल्स, 50 प्लस मिक्स्ड डबल्स से लेकर 55 प्लस, 60 प्लस, 65 प्लस, 70 प्लस एवं 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेगा। केडीबीए के संरक्षक अशोक शर्मा एवं अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि केडीबीए व एकलव्य की नई युवा टीम बड़े ही उत्साह के साथ व्यवस्था में जुटी हुई है। एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट के लिए तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। केडीबीए के सचिव मनीष गुप्ता व कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स ने कहा कि आयोजन भव्य होगा और अब केवल मुकाबला शुरु होने का इंतजार है।

**खास बात**

- एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में कुल 79 ईवेंट में शामिल होंगे प्रदेशभर के खिलाड़ी

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण आज

जांजगीर चांपा। प्रधानमंत्र मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण 22 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे रेडियो टीवी दूरदर्शन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात जन सामान्य में बहुत ही लोकप्रिय एवं उपयोगी है। इसका विस्तार सभी बुथ शक्ति केंद्र पर सामूहिक रूप से सुनने का लक्ष्य 100 बुथों पर पार्टी की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने होना अनिवार्य कहा है। मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री से अपने-अपने मंडल के सभी बूंथ केन्द्रों पर सुनने की व्यवस्था करने कहा है। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का विशेष तौर पर उल्लेख करते हैं जो जानकारी हमें नहीं होती है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# पाली कालेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय महाविद्यालय पाली में वार्षिकोत्सव और विभिन्न स्पर्धा का प्रमाण पत्र का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय जयसवाल अध्यक्ष नगर पंचायत पाली, विशिष्ट अतिथि लखन लाल प्रजापति उपाध्यक्ष नगर पंचायत पाली, सत्य नरायण पैकरा जनपद सदस्य, श्रीमती गिरिजा पैकरा सरपंच केराझरिया , डॉ गजेन्द्र तिवारी शिक्षाविद थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पुष्पराज ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ पुष्पराज ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत किया तत्पश्चात डॉ हर्ष पान्डेय ने महाविद्यालय के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि सरपंच श्रीमती गिरिजा पैकरा ने महाविद्यालय के विकास में सभी प्रकार के सहयोग देने की बात कही, जनपद सदस्य सत्यनरायण पैकरा ने महाविद्यालय के विकास के शासकीय भुमि देने पर सहमति प्रदान किया। मुख्य अतिथि अजय जायसवाल ने अपने उद्बोधन में पाली नगर पंचायत द्वारा महाविद्यालय के विकास और अधो संरचना निर्माण में भरपूर सहयोग का वादा किया। कार्यक्रम का संचालन टीका राम कश्यप ने किया। आभार प्रदर्शन सुश्री वर्षा लकरा ने किया। इसके बाद महाविद्यालय के विद्याथियों के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ कविता ठक्कर, डॉ जुही देवांगन, सन्त कुमार खान्डेकर, भारती देवांगन, प्रीति खान्डेकर, रीता पटेल, डॉ शेख तस्लीम अहमद, सुनील कंवर, सत्येंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।





